शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2006

ई.एस.-333 : शैक्षिक मूल्यांकन

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

नोट :

*(i) सभी **चारों** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) सभी प्रश्नों की भारिता समान है ।

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए ।

एक 'अच्छे' मूल्यांकन उपकरण की आधारभूत विशिष्टताओं का उल्लेख कीजिए तथा विवेचना कीजिए ।

अथवा

'निदानात्मक परीक्षण' से आपका क्या अभिप्राय है ? यह कक्षागत शिक्षण-अधिगम को सुधारने में किस प्रकार शिक्षकों/शिक्षार्थियों की मदद करता है ?

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए ।

विद्यार्थियों के व्यवहार के अशैक्षणिक पक्षों के मूल्यांकन की एक तकनीक के रूप में 'निरीक्षण' के प्रयोग की विवेचना कीजिए । शिक्षकों को निरीक्षण की विश्वसनीयता और वैधता किस प्रकार सुनिश्चित करनी चाहिए ?

अथवा

एक निष्पत्ति परीक्षण के निर्माण एवं मानकीकरण के पदों की संक्षेप में चर्चा एवं विवेचना कीजिए ।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** का संक्षिप्त उत्तर दें । प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों का हो :

(i) आपके द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषय में वार्षिक परीक्षा के लिए एक अच्छी *अंकन योजना* का निर्माण करें ।

(ii) निरपेक्ष एवं तुलनात्मक ग्रेडिंग के मध्य अन्तर स्पष्ट करें ।

(iii) मौखिक परीक्षणों के उपयोग, लाभ और सीमाओं की विवेचना कीजिए ।

(iv) माध्यमिक स्तर पर शिक्षार्थियों की व्यापक मूल्यांकन योजना की रूपरेखा विकसित कीजिए ।

(v) मध्यमान, माध्यिका और बहुलक और उनकी व्याख्या के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

(vi) विवेचना कीजिए कि सहसम्बन्ध गुणांक की गलत व्याख्या कैसे की जाती है ।

(vii) मूल्यांकन की ग्रेडिंग व आंकिक विधियों में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए ।

अपनी रुचि के शिक्षण विषय में से एक इकाई चुनिए । गृह कार्य (एसाइनमेंट) के दो प्रकार के ऐसे दो-दो उदाहरण दीजिए जिन्हें आप कक्षा IX के विद्यार्थियों को देना चाहेंगे । इनके अनुसरण हेतु आप क्या-क्या गतिविधियाँ करेंगे कि यह सम्पन्न हो जाए ?